>

Title: Regarding salary of ASHA workers in the country.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): सभापति जी, सुदूर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एनआरएचएम योजना के अंतर्गत पूरे देश में 8,70, हजार आशा वर्कर्स की नियुक्ति हुई। महोदय, ये वर्कर्स ग्रामीण क्षेत्र के उन लोगों को जिन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पता तक नहीं था, स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए 24 घंटे कार्य करती हैं। अगर किसी गांव में कोई महिला बीमार हो जाए तो ये रात को 12 बजे भी उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक ले जाती हैं। एक तरफ आठ घंटे की ड्यूटी करने वाले को 30,000 रुपए प्रति माह मिलते हैं और दूसरी तरफ इन वर्कर्स को, जो 24 घंटे की ड्यूटी करती हैं, इतनी तनख्वाह मिलती है कि वे मुश्किल से डेढ़ पाव प्याज ही खरीद सकती हैं। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इन आशा वर्कर्स, जिनकी वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा हुआ है और जन्म दर भी बढ़ी है, के हितों को देखते हुए सरकार अविलम्ब कम से कम 3,000 रुपए प्रति माह वेतन देने की व्यवस्था कराए।

सभापति महोदय : श्री अजय कुमार, श्री रमाशंकर राजभर द्वारा उठाए उक्त विÂषय से अपने को सम्बद्ध करते हैं।